पंजाब केसरी
TUE,26 MAY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 3

# 10वीं और 12वीं की सप्लीमैंट्री व इम्प्रूवमैंट परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

धर्मशाला, 25 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा जून/जुलाई-2026 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की सप्लीमैंट्री, कंपार्टमैंट और इम्प्रूवमैंट परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छात्र अपने संबंधित स्कूलों और संस्थानों के माध्यम से केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 1 जून तय की गई है, जबकि 1000 रुपए लेट फीस के साथ 5 जून 2026 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अधूरे या ऑफलाइन फार्म रिजैक्ट कर दिए जाएंगे।

कक्षा 10वीं में आवश्यक सुधार श्रेणी के तहत वे छात्र परीक्षा दे सकते हैं, जिन्होंने 5 अनिवार्य विषयों में से कम से कम 3 विषय पास किए हैं। ऐसे छात्र अधिकतम 2 फेल विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। वहीं, वैकल्पिक सुधार श्रेणी में वे छात्र आवेदन कर सकते हैं, जो सभी विषयों में पास हैं लेकिन अपने नंबर बढ़ाना चाहते हैं, उन्हें अधिकतम 3 विषयों में परीक्षा देने की अनुमति होगी। इसके अलावा कंपार्टमैंट और अतिरिक्त विषय वाले छात्र भी आवेदन के पात्र होंगे।

## 12वीं कक्षा के नियम और पुराने नंबरों की मान्यता

12वीं स्तर पर कंपार्टमैंट, अंग्रेजी विषय, परफॉर्मैंस सुधार, डिप्लोमा होल्डर और अतिरिक्त विषय वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने साफ किया है कि जून/जुलाई की इस परीक्षा में किसी भी नए छात्र को बैठने की अनुमति नहीं होगी। छात्रों के मुख्य परीक्षा के इंटरनल असैसमैंट और प्रैक्टिकल के नंबर वैसे ही रहेंगे। फाइनल रिजल्ट तैयार करते समय दोनों परीक्षाओं में से जिस परीक्षा में छात्र के बेहतर नंबर होंगे, उन्हें ही मान्य माना जाएगा।

## एस.ओ.एस. मैट्रिक परीक्षा के अभ्यर्थी एक महीने में जमा करवाएं पुराना प्रमाण पत्र

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितम्बर-2025 में आयोजित एस.ओ.एस. मैट्रिक स्पैशल इम्प्रूवमैंट परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।

बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के माध्यम से अपने कुल अंकों में सुधार किया है, लेकिन अभी तक अपना पुराना मूल मैट्रिक प्रमाणपत्र जमा नहीं करवाया है, उन्हें इसे जल्द जमा करवाना होगा। ऐसे सभी अभ्यर्थी इस सूचना के जारी होने के एक महीने के भीतर अपना पुराना मूल प्रमाण पत्र अपने संबंधित एस.ओ.एस. अध्ययन केंद्र में अनिवार्य रूप से जमा करवा दें। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि नियमों के मुताबिक, जब तक अभ्यर्थी अपने पुराने मूल प्रमाण पत्र जमा नहीं करेंगे, तब तक उन्हें अंकों के सुधार वाला नया संशोधित प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

साथ ही बोर्ड ने सभी एस.ओ.एस. अध्ययन केंद्रों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अभ्यर्थियों से पुराने प्रमाण पत्र इकट्ठा करके उन्हें एक साथ तुरंत शिक्षा बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला भेजें।

## राज्य के 98 केंद्रों पर होगी 10वीं-12वीं की सप्लीमैंट्री परीक्षा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा जून-2026 में राज्य भर के 98 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं और 12वीं की सप्लीमैंट्री और इम्प्रूवमैंट परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिला स्तर पर किया गया है।

परीक्षा केंद्र आबंटन की यह व्यवस्था अस्थायी है और यदि किसी केंद्र पर परीक्षार्थियों की संख्या बहुत कम पाई जाती है, तो उसे पास के किसी दूसरे परीक्षा केंद्र के साथ मर्ज किया जा सकता है। इस बार कांगड़ा जिले में सबसे अधिक 20 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा मंडी में 13, शिमला में 12, हमीरपुर में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बिलासपुर, चम्बा, सिरमौर और सोलन में सात-सात केंद्र, ऊना में 6, कुल्लू में 5 तथा किन्नौर एव लाहौल-स्पीति में दो-दो परीक्षा केंद्र तय किए गए हैं। ये सभी केंद्र कक्षा 10वीं और 12वीं, दोनों ही परीक्षाओं के लिए मान्य होंगे।

### परीक्षाओं की सुरक्षा व कड़े नियम

बोर्ड ने परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से करवाने के लिए सख्त नियम बनाए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सी.सी.टी.वी. कैमरों से निगरानी रखना अनिवार्य किया गया है और इसकी फुटेज को कम से कम 6 महीने तक सुरक्षित रखना होगा। यदि किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल या सामूहिक नकल की शिकायत मिलती है, या केंद्र का स्टाफ छात्रों की मदद करता पाया जाता है, तो उस परीक्षा केंद्र को हमेशा के लिए या एक निश्चित समय के लिए रद्द कर दिया जाएगा।

### पुनर्मूल्यांकन के रिजैक्ट आवेदनों के लिए 28 मई तक का समय

मार्च-2026 में आयोजित हुई 12वीं की रैगुलर परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनः निरीक्षण के लिए जिन छात्रों के आवेदन किसी वजह से रिजैक्ट हो गए हैं, बोर्ड ने उनकी नाम, रोल नंबर और विषयवार सूची जारी कर दी है। ऐसे छात्र जिन्होंने समय पर फीस जमा कर दी थी, वे अपने जरूरी दस्तावेज 28 मई 2026 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं, ताकि उनके आवेदनों पर आगे की कार्रवाई की जा सके।

"10वीं और 12वीं की जून/जुलाई परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। जो भी छात्र कंपार्टमैंट या नंबर सुधारने के लिए परीक्षा देना चाहते हैं, वे 1 जून तक बिना विलंब शुल्क के अपने स्कूलों के माध्यम से आवेदन कर लें। इस परीक्षा के फाइनल रिजल्ट में छात्र के बैस्ट स्कोर को ही मान्यता दी जाएगी। वहीं जून-2026 में होने वाली 10वीं और 12वीं की सप्लीमैंट्री व इम्प्रूवमैंट परीक्षाएं राज्य के 98 केंद्रों पर पूरी तरह से शांतिपूर्ण, सुरक्षित और नकल विहीन माहौल में आयोजित की जाएंगी। सभी केंद्रों पर सी.सी.टी.वी. से कड़ी नजर रखी जाएगी और गड़बड़ी करने वाले केंद्रों को तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। छात्र पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हों।" - डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड



Dainik Jagran 26-05-2026

# आठवीं, 10वीं व जमा दो का परिणाम घोषित



डा. राजेश शर्मा • जागरण आर्काइव

- एसओएस : अंक सुधार के लिए विद्यार्थी बिना विलंब शुल्क के पांच जून से कर सकेंगे आवेदन
- पुनर्मूल्यांकन के लिए एक हजार रुपये प्रति विषय विद्यार्थियों को देना होगा शुल्क



**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने राज्य मुक्त विद्यालय के तहत मार्च 2026 में संचालित कक्षा आठवीं, 10वीं व जमा दो की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। आठवीं का परीक्षा परिणाम 61.06 प्रतिशत, 10वीं का 54.66 व जमा दो का 64.57 प्रतिशत रहा। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी अंक सुधार के लिए बिना विलंब शुल्क के पांच जून से 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

1000 रुपये विलंब शुल्क सहित आवेदन पहली से 13 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। 10वीं व जमा दो के अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन तथा आठवीं, 10वीं एवं जमा दो के अभ्यर्थी पुनः निरीक्षण के लिए केवल आनलाइन ही आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल संबंधित अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। पुनर्मूल्यांकन के लिए 1000 प्रति विषय तथा पुनः जांच के लिए 800 रुपये प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून है। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होने अनिवार्य हैं। पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा। अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## अंक सुधार परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में बनाए 98 केंद्र

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 10वीं व जमा दो की पूरक व अंक सुधार परीक्षाओं का आयोजन जून में करेगा। इसके लिए प्रदेशभर में 98 केंद्र बनाए हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिले में 20, मंडी में 13, शिमला में 12, हमीरपुर में 10, बिलासपुर, चंबा, सिरमौर और सोलन में सात-सात, ऊना में छह, कुल्लू में पांच, किन्नौर और लाहुल स्पीति में दो-दो परीक्षा केंद्र बनाए हैं। सभी केंद्र 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के लिए अधिकृत रहेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी अनिवार्य होगी तथा सीसीटीवी फुटेज को न्यूनतम छह माह तक सुरक्षित रखना आवश्यक होगा। यदि किसी केंद्र पर परीक्षार्थियों की संख्या कम पाई जाती है तो ऐसे केंद्रों को निकटवर्ती सेंटर के साथ विलय किया जा सकता है।

पंजाब केसरी
TUE,26 MAY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 2

# एच.पी.एस.ओ.एस. परीक्षा परिणाम घोषित

## पुनर्मूल्यांकन और सितम्बर में होने वाली री-अपीयर परीक्षा के लिए आवेदन शैड्यूल भी जारी

धर्मशाला, 25 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत मार्च-2026 में आयोजित कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम 25 मई 2026 को घोषित कर दिए गए हैं। इस बार कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 61.06 प्रतिशत, 10वीं का 54.66 प्रतिशत और 12वीं का परीक्षा परिणाम 64.57 प्रतिशत रहा है।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कहा परीक्षा परिणाम से जुड़े विस्तृत आंकड़े बोर्ड की आधिकारिक अधिसूचना में भी देखे जा सकते हैं, जो अभ्यर्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे 10 जून तक पुनर्मूल्यांकन और पुन: निरीक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन केवल 10वीं और 12वीं के छात्र कर सकते हैं, जिसके लिए 1000 प्रति विषय शुल्क और संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

वहीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए पुन: निरीक्षण शुल्क 800 प्रति विषय तय किया गया है। इसके अतिरिक्त, जिन छात्रों का परिणाम री-अपीयर आया है या जो इम्प्रूमैंट परीक्षा देना चाहते हैं, वे सितम्बर-2026 सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के आवेदन करने की अवधि 5 जून से 30 जून तक तय की गई है। इसके बाद 1 जुलाई से 13 जुलाई तक 1000 विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

Amar Ujala
26-05-2026

# एसओएस परीक्षा का परिणाम जारी, 12वीं में 64.57% पास

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को मार्च ली राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया। 8वीं में 61.06, 10वीं में 54.66 और 12वीं कक्षा में 64.57 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

बोर्ड ने मार्च में नियमित परीक्षाओं के साथ एसओएस परीक्षाएं करवाई थी। इसका सोमवार को परिणाम घोषित कर दिया है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 8वीं कक्षा की परीक्षा के लिए 208 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया था। इनमें से दो को फेल, 63 को री अपीयर और 16 अभ्यर्थियों का परिणाम आरएलडी रहा है।

10वीं कक्षा के लिए 3895 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया। शिक्षा बोर्ड ने 24 को फेल और 1639 अभ्यर्थियों के परिणाम को री अपीयर घोषित किया है। 76 अभ्यर्थियों का परिणाम आरएलडी, 27 का पीआरएस और 20 का पीआरसी रहा है।

12वीं कक्षा के लिए 5275 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया। इनमें से 37 अभ्यर्थी फेल, 1662 री अपीयर, 153 आरएलडी, 8 पीआरएस, 14 पीआरसी और 3 अभ्यर्थियों को शिक्षा बोर्ड ने रिजेक्ट किया। उन्होंने बताया कि 10वीं और 12वीं कक्षा के जो अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे 10 जून तक एसओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि री इवेल्यूएशन के लिए कम से कम 20 अंक संबंधित सबजेक्ट में होना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि 10वीं और 12वीं कक्षा का पुनर्मूल्यांकन करवाने के लिए अभ्यर्थियों को प्रति विषय 1000 और पुनर्मूल्यांकन के लिए 9वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के अभ्यर्थियों को प्रति विषय 800 रुपये शुल्क जमा करवाना करना होगा। परीक्षाओं के लिए 5 जून से 30 जून तक बिना लेट फीस और पहली जुलाई से 13 जुलाई तक 1000 रुपये लेट फीस के साथ आवेदन कर सकते हैं।



आठवीं का 61.06, 10वीं का परिणाम 54.66 फीसदी

Amar Ujala 26-05-2026

# प्रदेश में टेट के लिए युवाओं में उत्साह नहीं, इस बार चार हजार आवेदन कम

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आगामी सात जून से अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) करवाएगा। परीक्षा के लिए मई में आवेदन प्रक्रिया पूरी की गई, इसमें इस बार कुल 32,521 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

पिछले वर्षों की तुलना में इस बार आवेदन संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि डीएलएड के बाद अब टेट के प्रति भी प्रदेश के युवाओं का रुझान लगातार कम हो रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो नवंबर 2025 में टेट के लिए 36,571 आवेदन प्राप्त हुए थे, जबकि इस बार यह संख्या घटकर 32,521 रह गई है।

इस बार के आवेदनों में जेबीटी टेट के लिए 8,916, टीजीटी आर्ट्स के लिए सबसे अधिक 10,517, टीजीटी मेडिकल के लिए 3,316, टीजीटी नॉन-मेडिकल के लिए 5,515 और टीजीटी हिंदी के लिए 2,229 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आवेदन संख्या में आई इस कमी को शिक्षा क्षेत्र में कम होते अवसरों से जोड़कर देखा जा रहा है।

टीजीटी संस्कृत के लिए 1,393, पंजाबी के लिए 88 और उर्दू विषय के लिए महज 7 आवेदन ही बोर्ड को मिले हैं। वहीं, स्पेशल एजुकेटर श्रेणी में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लिए 129 और प्री-प्राइमरी से 5वीं तक के लिए 411 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि टेट के लिए कुल 32,521 आवेदन पहुंचे हैं। ब्यूरो

## कंपार्टमेंट, आवश्यक सुधार परीक्षा के लिए पांच जून तक करें आवेदन

**धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जून, जुलाई-2026 में होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री, कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षाओं के लिए शिक्षा बोर्ड ने आवेदन मांगे हैं। मैट्रिक कक्षा के विद्यार्थी कंपार्टमेंट, आवश्यक सुधार, वैकल्पिक सुधार एवं अतिरिक्त विषय श्रेणी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

वहीं जमा दो कक्षा के विद्यार्थी कंपार्टमेंट, अंग्रेजी विषय, प्रदर्शन सुधार, डिप्लोमा धारक री-अपीयर और अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की अंतिम एक जून, जबकि 1000 रुपये लेट फीस के साथ आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 जून रहेगी। मैट्रिक परीक्षा में आवश्यक सुधार श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी पात्र होंगे, जिन्होंने पांच अनिवार्य विषयों में से कम से कम तीन विषय उत्तीर्ण किए हैं। ऐसे विद्यार्थी अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा दे सकेंगे तथा पूर्व में उत्तीर्ण एक विषय में सुधार परीक्षा देने के लिए भी पात्र होंगे। वैकल्पिक सुधार श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने सभी अनिवार्य विषय उत्तीर्ण कर लिए हैं और अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा देने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 10वीं कक्षा में कंपार्टमेंट, आवश्यक अंक सुधार और एक अतिरिक्त विषय की परीक्षा के लिए 700 रुपये शुल्क देना होगा।

ऑप्शनल इंप्रूवमेंट वर्ग के लिए 950 रुपये फीस लगेगी। वहीं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट, डिप्लोमा होल्डर री अपीयर और अतिरिक्त विषय की परीक्षा के लिए 700 रुपये, जबकि अंक सुधार परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को 1150 रुपये शुल्क जमा करवाना होगा। ब्यूरो

Amar Uajala 26-05-2026

# अभ्यर्थी एक माह में जमा करवाएं मूल प्रमाण पत्र

**धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर-2025 में हुई एसओएस मैट्रिक स्पेशल इंप्रूवमेंट परीक्षा से जुड़े अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि इस परीक्षा में शामिल होकर अपने कुल अंकों में सुधार करने वाले अभ्यर्थी एक माह के भीतर अपना पुराना मूल मैट्रिक प्रमाण पत्र संबंधित केंद्र में अनिवार्य रूप से जमा करवाएं।

स्पष्ट किया कि बोर्ड के नियमों के अनुसार स्पेशल इंप्रूवमेंट का नया और संशोधित प्रमाण पत्र तभी जारी किया जाएगा, जब अभ्यर्थी अपना पुराना मूल प्रमाण पत्र विभाग को सौंप देंगे। जिन अभ्यर्थियों ने अंकों में सुधार तो कर लिया है, लेकिन अभी तक अपना पुराना सर्टिफिकेट जमा नहीं करवाया है, उन्हें तय समय सीमा यानी एक महीने के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी, अन्यथा उनका नया रिजल्ट रुक सकता है।

शिक्षा बोर्ड ने सभी संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्रों को भी निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा है कि केंद्र प्रभारियों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे अभ्यर्थियों से प्राप्त होने वाले सभी पुराने मूल प्रमाण पत्रों को एकत्रित करें और उन्हें एक साथ शिक्षा बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला को तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि नए प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में देरी न हो। ब्यूरो

Divya Himachal 26-05-2026

## आठवीं कक्षा का 61.06, दसवीं का 54.66 और बारहवीं का 64.57 पर्सेंट रिजल्ट

# एसओएस का परिणाम घोषित

**नगर संवाददाता — धर्मशाला**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल की मार्च, 2026 सत्र की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा एचपीएसओएस के आठवीं, दसवीं और 12वीं कक्षाओं के परिणाम सोमवार को औपचारिक रूप से घोषित किए गए। घोषित परिणामों के अनुसार आठवीं कक्षा में कुल 208 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 127 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और परीक्षा परिणाम 61.06 प्रतिशत दर्ज किया गया। दसवीं कक्षा में कुल 3895 परीक्षार्थियों में से 2129 विद्यार्थी पास हुए, जबकि परीक्षा परिणाम 54.66 प्रतिशत रहा। वहीं 12वीं कक्षा में कुल 5275 विद्यार्थियों में से 3406 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए और पास प्रतिशत 64.57 दर्ज किया गया। बोर्ड ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अपने परिणाम से संबंधित आपत्ति है, वे पुनर्मूल्यांकन और री-चैकिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दसवीं और 12वीं कक्षा के छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे, जबकि आठवीं, दसवीं और 12वीं के विद्यार्थी री-चैकिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 10 जून तक संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से पूरी करनी होगी। पुनर्मूल्यांकन शुल्क 1000 रुपए प्रति विषय तथा री-चैकिंग शुल्क 800 रुपए प्रति विषय निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिन विद्यार्थियों का

- री-चैकिंग, रिवैल्यूएशन को 10 जून तक मांगे आवेदन

परिणाम री-अपीयर अथवा पास घोषित हुआ है और जो सितंबर, 2026 सत्र की री-अपीयर या इंप्रूवमेंट परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे पांच जून से 30 जून तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकेंगे। वहीं एक जुलाई से 13 जुलाई तक 1000 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। बोर्ड सचिव डा. विशाल शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी अपने परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देख सकते हैं। परिणाम संबंधी जानकारी के लिए छात्र बोर्ड कार्यालय से कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

Divya Himachal 26-05-2026

# दसवीं-जमा दो के सप्लीमेंट्री इंप्रूवमेंट एग्जाम अगले महीने

सिटी रिपोर्टर — धर्मशाला



प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं व जमा दो की सप्लीमेंट्री और इंप्रूवमेंट परीक्षाओं का आयोजन जून-2026 में किया जाएगा। परीक्षाएं प्रदेश भर के 98 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होंगी। जिला स्तर पर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण भी किया गया है। कांगड़ा में 20 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा मंडी में 13, शिमला में 12, हमीरपुर में 10, बिलासपुर, चंबा, सिरमौर और सोलन में सात-सात, ऊना में छह, कुल्लू में पांच तथा किन्नौर और लाहुल-स्पीति में दो-दो परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। ये सभी केंद्र कक्षा दसवीं और जमा दो की दोनों परीक्षाओं के लिए मान्य होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी

- प्रदेश भर में 98 परीक्षा केंद्र तय सीसीटीवी की निगरानी रहेगी

अनिवार्य किए हैं। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की संख्या बहुत कम रहती है, तो उस केंद्र को नजदीकी केंद्र के साथ मर्ज किया जा सकता है। स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कहा कि मार्च-2026 में आयोजित जमा दो कि नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनः निरीक्षण से संबंधित आवेदन भी जांचे जा चुके हैं और जिन विद्यार्थियों के आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुए हैं, उनकी नाम, रोल नंबर और विषयवार सूची बोर्ड ने जारी कर दी है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने निर्धारित समय पर शुल्क जमा किया है, वे 28 मई तक आवश्यक दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Himachal Pradesh 26-05-2026

# 10वीं, 12वीं की सप्लीमेंट्री व इंप्रूवमेंट परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

## अभ्यर्थी बिना विलंब शुल्क एक जून तक कर सकते हैं अप्लाई

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जून/जुलाई-2026 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री, कंपार्टमेंट तथा इंप्रूवमेंट परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए मैट्रिक के कंपार्टमेंट, आवश्यक सुधार, वैकल्पिक सुधार एवं अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

इसी प्रकार वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर कंपार्टमेंट, अंग्रेजी विषय, प्रदर्शन सुधार, डिप्लोमा धारक पुनः परीक्षार्थी तथा अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र होंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 जून निर्धारित की गई है, जबकि 1000 रुपये विलंब शुल्क सहित आवेदन 5 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में आवश्यक सुधार श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने पांच अनिवार्य विषयों में से कम से कम तीन विषय उत्तीर्ण किए हैं। ऐसे विद्यार्थी अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा दे सकेंगे तथा पूर्व में उत्तीर्ण एक विषय में सुधार परीक्षा देने के लिए भी पात्र होंगे।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि वैकल्पिक सुधार श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने सभी अनिवार्य विषय उत्तीर्ण कर लिए हैं और अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा देने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि कंपार्टमेंट श्रेणी के विद्यार्थी बोर्ड के वर्तमान नियमों के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर प्रदर्शन सुधार के लिए वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जिन्होंने जमा दो परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और एक अथवा अधिक विषयों में अंक सुधार करना चाहते हैं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे तथा अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अस्वीकार किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि जून/जुलाई-2026 परीक्षा में किसी भी नए अभ्यर्थी को बैठने की अनुमति नहीं होगी। मुख्य परीक्षा में प्राप्त आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक अंक नियमानुसार आगे भी मान्य रहेंगे तथा अंतिम परिणाम तैयार करते समय दोनों परीक्षाओं में प्राप्त बेहतर अंक/परिणाम को मान्यता दी जाएगी।

### अभ्यर्थियों को पुराने मूल प्रमाणपत्र जमा करवाने के निर्देश

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला की ओर से सितंबर-2025 में आयोजित एसओएस मैट्रिक स्पेशल इम्प्रूवमेंट परीक्षा में सम्मिलित होकर अपने कुल अंकों में सुधार करने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ऐसे सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने स्पेशल इम्प्रूवमेंट परीक्षा के माध्यम से अपने अंकों में सुधार किया है तथा अभी तक अपना पुराना मूल मैट्रिक प्रमाणपत्र जमा नहीं करवाया है, वे एक माह के भीतर अपना पुराना मूल प्रमाणपत्र संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्र में अनिवार्य रूप से जमा करवाएं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि बोर्ड नियमों के अनुसार स्पेशल इम्प्रूवमेंट का संशोधित प्रमाणपत्र पुराने मूल प्रमाणपत्र जमा करवाने के उपरांत ही जारी किया जाएगा। उन्होंने संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्रों को निर्देशित किया कि वे अभ्यर्थियों से प्राप्त पुराने मूल प्रमाणपत्र एकत्रित कर उन्हें एकमुश्त शिक्षा बोर्ड मुख्यालय को तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

### एसओएस मार्च-2026 परीक्षा परिणाम घोषित

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत मार्च-2026 में आयोजित कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम 25 मई को औपचारिक रूप से घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 61.06 प्रतिशत, कक्षा 10वीं का 54.66 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 64.57 प्रतिशत दर्ज किया गया है। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का परिणाम री अपीयर अथवा पास घोषित हुआ है और जो सितंबर-2026 सत्र के लिए री-अपीयर या इंप्रूवमेंट परीक्षा हेतु आवेदन करना चाहते हैं, वे अपने संबंधित एचपी एसओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की अवधि 5 जून से 30 जून तक निर्धारित की गई है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन (रि वैल्यूएशन-) तथा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के अभ्यर्थी पुनः निरीक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल संबंधित एचपी एसओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा, जिसमें एमसीक्यू प्रश्न शामिल नहीं होंगे।

### जून में होंगी 10वीं व 12वीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा जून-2026 में प्रदेशभर के 98 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री तथा इंप्रूवमेंट परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिला स्तर पर किया गया है, जिसमें कांगड़ा जिले में सर्वाधिक 20 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त मंडी में 13, शिमला में 12, हमीरपुर में 10, बिलासपुर, चंबा, सिरमौर एवं सोलन में सात-सात, ऊना में छह, कुल्लू में पांच तथा किन्नौर एवं लाहौल-स्पीति में दो-दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ये सभी केंद्र कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों परीक्षाओं के लिए अधिकृत रहेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य की गई है तथा परीक्षा से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को न्यूनतम छह माह तक सुरक्षित रखना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि मार्च-2026 में आयोजित 12वीं नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः निरीक्षण हेतु प्राप्त आवेदन की जांच के उपरांत, जिन अभ्यर्थियों के आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुए हैं, उनके लिए बोर्ड द्वारा नाम, रोल नंबर एवं विषयवार सूची जारी की गई है। संबंधित परीक्षार्थी यदि निर्धारित समय पर शुल्क जमा कर चुके हैं, तो वे आवश्यक अभिलेख 28 मई तक बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उनके आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

Divya Himachal 26-05-2026

# अंक सुधार के बाद पुराने प्रमाणपत्र जमा करवाएं छात्र

**धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर-2025 में आयोजित एसओएस मैट्रिक स्पेशल इंप्रूवमेंट परीक्षा में सम्मिलित होकर अपने कुल अंकों (एग्रीगेट स्कोर) में सुधार करने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि ऐसे सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने स्पेशल इंप्रूवमेंट परीक्षा के माध्यम से अपने अंकों में सुधार किया है तथा अभी तक अपना पुराना मूल मैट्रिक प्रमाणपत्र जमा नहीं करवाया है, वे एक माह के भीतर अपना पुराना मूल प्रमाणपत्र संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्र में अनिवार्य रूप से जमा करवाएं। बोर्ड नियमों के अनुसार स्पेशल इंप्रूवमेंट का संशोधित प्रमाणपत्र पुराने मूल प्रमाणपत्र जमा करवाने के उपरांत ही जारी किया जाएगा। उन्होंने संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्रों को निर्देशित किया कि वे अभ्यर्थियों से प्राप्त पुराने मूल प्रमाणपत्र एकत्रित कर उन्हें एकमुश्त शिक्षा बोर्ड मुख्यालय को तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

# जून में आयोजित होंगी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री एवं इम्प्रूवमेंट परीक्षाएं

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा जून-2026 में प्रदेश भर के 98 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री तथा इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिला स्तर पर किया गया है, जिसमें कांगड़ा जिले में सर्वाधिक 20 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त मंडी में 13, शिमला में 12, हमीरपुर में 10, बिलासपुर, चंबा, सिरमौर एवं सोलन में सात-सात, ऊना में छह, कुल्लू में पांच तथा किन्नौर एवं लाहौल-स्पीति में दो-दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ये सभी केंद्र कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों परीक्षाओं के लिए अधिकृत रहेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य की गई है तथा परीक्षा से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को न्यूनतम छह माह तक सुरक्षित रखना होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की संख्या अत्यंत कम पाई जाती है, तो ऐसे केंद्रों को निकटवर्ती परीक्षा केंद्रों के साथ मर्ज किया जा सकता है। परीक्षा केंद्रों का आवंटन अस्थायी प्रकृति का होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर बोर्ड बिना पूर्व सूचना के किसी भी केंद्र को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में आयोजित की जाएंगी। यदि किसी परीक्षा केंद्र पर नकल अथवा सामूहिक नकल की शिकायत प्राप्त होती है तथा परीक्षा केंद्र का स्टाफ परीक्षार्थियों की सहायता करता पाया जाता है, तो ऐसे परीक्षा केंद्र को निर्धारित अवधि अथवा स्थायी रूप से निरस्त किया जा सकता है। बोर्ड अध्यक्ष ने यह भी बताया कि मार्च-2026 में आयोजित 12वीं नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः निरीक्षण हेतु प्राप्त आवेदन की जाँच उपरांत, जिन अभ्यर्थियों के आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुए हैं, उनके लिए बोर्ड द्वारा नाम, रोल नंबर एवं विषयवार सूची जारी की गई है। संबंधित परीक्षार्थी यदि निर्धारित समय पर शुल्क जमा कर चुके हैं, तो वे आवश्यक अभिलेख दिनांक 28.05.2026 तक बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उनके आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

# "कक्षा 10वीं एवं 12वीं की जून/जुलाई-2026 सप्लीमेंट्री एवं इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू"

**जागो ! धर्मशाला/ राकेश कुमार** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जून/जुलाई-2026 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री (Supplementary), कंपार्टमेंट (Compartment) तथा इम्प्रूवमेंट (Improvement) परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।उन्होंने बताया कि मैट्रिक (कक्षा 10वीं) के कंपार्टमेंट(Compartment), आवश्यक सुधार (Essential Improvement), वैकल्पिक सुधार (Optional Improvement) एवं अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। इसी प्रकार वरिष्ठ माध्यमिक (Plus Two) स्तर पर कंपार्टमेंट, अंग्रेजी विषय, प्रदर्शन सुधार (Improvement of Performance), डिप्लोमा धारक पुनः परीक्षार्थी तथा अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र होंगे।डॉ. शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की अंतिम तिथि 01-06-2026 निर्धारित की गई है, जबकि ₹1000 विलंब शुल्क सहित आवेदन 05-06-2026 तक स्वीकार किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में "आवश्यक सुधार" श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने पांच अनिवार्य विषयों में से कम से कम तीन विषय उत्तीर्ण किए हैं। ऐसे विद्यार्थी अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा दे सकेंगे तथा पूर्व में उत्तीर्ण एक विषय में सुधार परीक्षा देने के लिए भी पात्र होंगे।बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि "वैकल्पिक सुधार" श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने सभी अनिवार्य विषय उत्तीर्ण कर लिए हैं और अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा देने की अनुमति होगी।उन्होंने आगे बताया कि "कंपार्टमेंट" श्रेणी के विद्यार्थी बोर्ड के वर्तमान नियमों के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर प्रदर्शन सुधार (Improvement of Performance) हेतु वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जिन्होंने Plus Two परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और एक अथवा अधिक विषयों में अंक सुधार करना चाहते हैं।डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे तथा अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जून/जुलाई-2026 परीक्षा में किसी भी नए (Fresh) अभ्यर्थी को बैठने की अनुमति नहीं होगी। मुख्य परीक्षा में प्राप्त आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक अंक नियमानुसार आगे भी मान्य रहेंगे तथा अंतिम परिणाम तैयार करते समय दोनों परीक्षाओं में प्राप्त बेहतर अंक/परिणाम को मान्यता दी जाएगी।

**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**

HPBOSE-[illegible]-CONDUCT-I-5533 Dated: 25-05-2026

"NOTIFICATION"

In exercise of the powers conferred upon the Hon'ble Chairman under sub-section 6.1.4 of chapter 6 of the examination regulations, the following schedule has been approved for submission of online application pertaining to the supplementary examination of Matric & Plus two classes scheduled to be conducted in the month of June/July, 2026, with immediate effect as detailed below: -

Matric

| SN | Examination category | Examination Fee ₹ | Last date without late fee ₹ | Last date with late fee of ₹1000/- |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Compartment | ₹ 720/- per subject | 01-06-2026 | 05-06-2026 |
| 2. | Essential improvement category | ₹ 720/- per subject | 01-06-2026 | 05-06-2026 |
| 3. | Optional improvement category (One or a maximum of three compulsory subjects) | ₹ [illegible] | 01-06-2026 | 05-06-2026 |
| 4 | One additional subject | ₹ 720/- | 01-06-2026 | 05-06-2026 |

Plus Two (Senior Secondary)

| SN | Examination category | Examination Fee ₹ | Last date without late fee ₹ | Last date with late fee of ₹1000/- |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Compartment and English only | ₹ 700/- | 01-06-2026 | 05-06-2026 |
| 2. | Improvement of performance (One or more subjects) | ₹ 1150/- | 01-06-2026 | 05-06-2026 |
| 3. | Diploma Holder Re-appear | ₹ 700/- | 01-06-2026 | 05-06-2026 |
| 4 | One Additional subject | ₹ 700/- | 01-06-2026 | 05-06-2026 |

Description of Categories

1. **Essential Improvement Category (Matric only):-**
Students who have passed at least three compulsory subjects out of five compulsory subjects in the Main Examination and have been placed under the "Essential Improvement Category" are eligible to appear in the June/July Examination in a maximum of up to two failed subjects. Such students may simultaneously appear for improvement in one already passed subject as permissible under Board policy.
2. **Optional Improvement Category (Matric only):-**
Candidates who have passed all compulsory subjects in the Main Examination and wish to improve their performance are eligible to appear in the improvement examination in a maximum of three compulsory subjects.
3. **Compartment Category (Matric only):-**
Candidates placed under the compartment category in the Main Examination are eligible to submit examination forms under the existing compartment rules/regulations of the Board. Such students may simultaneously appear for improvement in two already passed compulsory subjects as permissible under Board policy.

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
25 मई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# कक्षा 10वीं एवं 12वीं की जून/जुलाई-2026 सप्लीमेंट्री एवं इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू


पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जून/जुलाई-2026 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री (सप्लीमेंट्री), कंपार्टमेंट (कम्पार्टमेंट) तथा इम्प्रूवमेंट (इंप्रूवमेंट) परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

**ऑनलाइन आवेदन 01 जून तक बिना विलंब शुल्क तथा 05 जून 2026 तक विलंब शुल्क सहित किए जा सकेंगे**

उन्होंने बताया कि मैट्रिक (कक्षा 10वीं) के कंपार्टमेंट आवश्यक सुधार (एसेंशियल इंप्रूवमेंट), वैकल्पिक सुधार (ऑप्शनल इंप्रूवमेंट) एवं अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। इसी प्रकार वरिष्ठ माध्यमिक (जमा दो) स्तर पर कंपार्टमेंट, अंग्रेजी विषय, प्रदर्शन सुधार (इंप्रूवमेंट ऑफ परफॉर्मेंस), डिप्लोमा धारक पुनः परीक्षार्थी तथा अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र होंगे।

डॉ. शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की अंतिम तिथि 01-06-2026 निर्धारित की गई है, जबकि 1000 रुपये विलंब



शुल्क सहित आवेदन 05-06-2026 तक स्वीकार किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में 'आवश्यक सुधार' श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने पांच अनिवार्य विषयों में से कम से कम तीन विषय उत्तीर्ण किए हैं। ऐसे विद्यार्थी अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा दे सकेंगे तथा पूर्व में उत्तीर्ण एक विषय में सुधार परीक्षा देने के लिए भी पात्र होंगे।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि 'वैकल्पिक सुधार' श्रेणी के अंतर्गत वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने सभी अनिवार्य विषय उत्तीर्ण कर लिए हैं और अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा देने की अनुमति होगी।

उन्होंने आगे बताया कि 'कंपार्टमेंट' श्रेणी के विद्यार्थी बोर्ड के वर्तमान नियमों के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर प्रदर्शन सुधार (इंप्रूवमेंट ऑफ परफॉर्मेंस) हेतु वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जिन्होंने जमा दो परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और एक अथवा अधिक विषयों में अंक सुधार करना चाहते हैं।

डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे तथा अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जून/जुलाई-2026 परीक्षा में किसी भी नए (Fresh) अभ्यर्थी को बैठने की अनुमति नहीं होगी। मुख्य परीक्षा में प्राप्त आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक अंक नियमानुसार आगे भी मान्य रहेंगे तथा अंतिम परिणाम तैयार करते समय दोनों परीक्षाओं में प्राप्त बेहतर अंक/परिणाम को मान्यता दी जाएगी।

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
25 मई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ


# SOS मैट्रिक स्पेशल इम्प्रूवमेंट परीक्षा (सितंबर-2025) के अभ्यर्थियों को पुराने मूल प्रमाण पत्र जमा करवाने के निर्देश

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सितंबर-2025 में आयोजित एसओएस मैट्रिक स्पेशल इम्प्रूवमेंट परीक्षा में सम्मिलित होकर अपने कुल अंकों (एग्रीगेट स्कोर) में सुधार करने वाले अभ्यर्थियों के लिए बोर्ड द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने स्पेशल इम्प्रूवमेंट परीक्षा के माध्यम से अपने

**पुराने मूल प्रमाण पत्र जमा करवाने के उपरांत ही जारी किया जाएगा नया प्रमाण पत्र**

अंकों में सुधार किया है तथा अभी तक अपना पुराना मूल मैट्रिक प्रमाण पत्र जमा नहीं करवाया है, वे इस प्रेस नोट के प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर अपना पुराना मूल प्रमाण पत्र संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्र (SOS



Study Centre) में अनिवार्य रूप से जमा करवाएं।

डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि बोर्ड नियमों के अनुसार स्पेशल इम्प्रूवमेंट का संशोधित प्रमाण पत्र (इम्प्रूवड सर्टिफिकेट) पुराने मूल प्रमाण पत्र जमा करवाने के उपरांत ही जारी किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्रों को निर्देशित किया कि वे अभ्यर्थियों से प्राप्त पुराने मूल प्रमाण पत्र एकत्रित कर उन्हें एकमुश्त (One Lot) शिक्षा बोर्ड मुख्यालय को तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें।